श्रील नरहरिसरकारठक्कुरविरचितम्

श्रीकृष्णभजनामृतम्

तथा

श्रीश्री निवासाचार्यप्रभुविरचितम्

चतःश्लोकीभाष्यम्

श्री हरिदासशास्त्री

❋ श्रीश्री राधागिरिधरौ विजयेताम् ❋

❋ श्रीश्री गदाधरगौराङ्गौ जयतः ❋

वृन्दावनपुरन्दर रसराजमूर्तिधर त्रिभुवनमनविमोहन ।
राधाहृदयबन्धु रासलीलारससिन्धु व्रजवासिगणप्राणधन ॥
जयजय श्रीनन्दनन्दन ।

* श्रीश्री गदाधरगौराङ्गौ जयतः *

श्रीकृष्णभजनामृतम्

श्रीनरहरिसरकार ठक्कुर विरचितम्

Shri Keshab... ...iya Math
Kans Tila ...
Mathura ... U.P.

श्रीमद् भागवतीय—

चतुःश्लोकीभाष्यम्

श्रीनिवासाचार्य प्रभु कृतम्

श्री धामवृन्दावनीय कालीयह्लदोपकण्ठवास्तव्येन न्याय वैशेषिक शास्त्रि, नव्यन्यायाचार्य काव्य, व्याकरण, सांख्य, मीमांसा, वेदान्त, तर्क, तर्क, तर्क, वैष्णवदर्शनतीर्थ विद्यारत्नाद्युपाध्यलङ्कृतेन

श्रीहरिदासशास्त्रिणा

सम्पादितम् ।

Shri KESHABJI GOUD...
Mathura (U...

सद्ग्रन्थ प्रकाशकः
श्री गदाधर गौरहरि प्रेस,
श्री हरिदास निवास
कालीदह वृन्दावन,

॥ श्रीश्री गौरगदाधरौ विजयेताम् ॥

—॥—

अवतरणिका

—॥—

आद्य महाप्रभु श्रीकृष्णचैतन्यानुचरअखण्डकीर्तिश्रीखण्ड वास्तव्य श्रीनरहरिसरकारठाकुर रचित श्रीकृष्णभजनामृत नामक ग्रन्थसज्जन वृन्द समक्षमें उपस्थापित है, इसमें ग्रन्थकार की उक्तिके अनुसार श्रीमन्महाप्रभु एवं श्रीनित्यानन्द प्रभु की लीला सङ्गोपन के अनन्तर भक्तितत्त्व ह्रास होने की कथा सोचते हुये निद्रित होनेपर स्वप्नमें श्री गौरचन्द्र दर्शन देकर पूर्वपक्ष एवं सिद्धान्तपक्ष के अवलम्बनसे एक ग्रन्थ विरचन करने के लिए इङ्गित किएथे, इसके फलस्वरूप श्रीकृष्ण भजनामृत ग्रन्थका निर्म्माण हुआ। पूर्वपक्ष,—(१) वैष्णवोंमें तारतम्य कैसे सम्भव ? (२) दीक्षागुरु एवं शिक्षागुरुके प्रति किस प्रकार व्यवहार उचितहै ? (३) श्रीबलदेव,—स्वयं भगवान् श्रीकृष्णके अंश, किम्वा अर्द्धविग्रह ? (४) गुणावतार ब्रह्मा, विष्णु एवं शिव को किस प्रकार से जानना होगा ? अन्यान्य देवगण के तत्त्व क्या है ? (५) श्रीहरि देहस्थिता लक्ष्मी के प्रति भगवदङ्ग तुल्य वैष्णवगण कैसा व्यवहार करेंगे ? उनके मध्यमें आद्याशक्ति कौन है ? रुक्मिणी जानकी, श्री राधा प्रभृति केप्रति किस प्रकार व्यवहार करना कर्त्तव्य है ?

सिद्धान्त—(१) तत्त्वतः वैष्णवगण समानहैं, शास्त्रीय बलावल ज्ञानशून्य स्वल्प बुद्धि,धनी विषयी, जनगण उनके प्रति समबुद्धि करेंगे, किन्तु जोलोक व्यवहार एवं परमार्थ में दर्शन श्रवण प्रभृति ज्ञानादि में विशेष अभिज्ञ हैं, एवं स्वल्प बहुबल इत्यादि विचार में निपुण हैं, वेसव वैष्णव में सत्यधर्म आचरण प्रभृति का परिमाण को जान कर ही वैष्णवों में तारतम्य करें एवं योग्यताके अनुसार व्यवहार भीकरें।

वैष्णव की निन्दा, अवहेला सर्वथा त्याज्यहै, जोलोकअतत्त्वज्ञ हैं,वेसव समव्यवहार करेंगे ।

(२) सकल वैष्णव ही गुरु हैं, उनमें दीक्षागुरु, एवं शिक्षागुरु का ही गौरवाधिक्य है एवं आज्ञापालन सेवा उन दोनों कीहीकर्त्तव्य है । गुरु विज्ञ न होनेपर महद् विज्ञवैष्णव के निकटसे उपदेश ग्रहण करनाकर्त्तव्य हैं । वैष्णव गणगुरुवत् पूज्य होने परभी कायवाक्य मनसे श्रीगुरुकीही सेवा करना एकान्त कर्त्तव्यहै. । गुरुअसङ्गत कार्य करनेपर उनको निर्जन में दण्डदेना उचित है, एवं चरित्रहीन होनेपर परित्याग करना कर्त्तव्य है ।

(३) बलदेव—स्वयं भगवान् श्रीकृष्णका अंश है, उनका देह भागहोकर, सर्वशक्तिमान् स्वयं ईश्वर होकरभी अनुज लक्ष्मण अग्रज बलराम, अनन्त होकर भक्तभाव से श्रीकृष्णकी सेवामें रतहोते हैं । अतएव श्रीकृष्ण स्वयंही बलदेव होनेपरभी शरीर से पृथग्भाव अङ्गी कार किए हैं।

(४) ईश्वरकी सृष्टि करने की इच्छाशक्ति से प्रादुर्भूता आद्या शक्ति सत्त्व;रजः, तमोगुण द्वारा विभावितकर यथाक्रमसे विष्णु,ब्रह्मा शिव को सृजन करती है, जागतिक समस्त क्रियामें इनतीनों का अधिकार है । सूर्य चन्द्रादि देवगणको, मनु. मन्वन्तराधि पतिगणको निज वशमें रखकर लीलाविनोदी श्रीकृष्ण विहार करते हैं, अतएव ये पुरुषगण सवही उनके अंश कला हैं

(५) लक्ष्मीके विषय में,-वैष्णवगण, उनके आनुगत्य से श्री हरि केप्रति प्रेम भिक्षुक होकर व्यवहार करेंगे । सम्पत्ति रूपा लक्ष्मी भी श्रीविष्णकी गृह-संश्रया गृहिणी वैष्णवी-इसवुद्धिसे सवके सम्मान पात्र हैं ।

रुविमणी एवं जानकी श्रीराधाके अनुगताहै, । श्रीराधाही सर्व वनिता के प्रकाश स्थल हैं, सम्पत्ति रूपा लक्ष्मी श्रीराधाङ्ग से पृथक् होनेके कारण श्रीराधाके विलास महत्त्व नहीं जानती है, ब्रह्मादि

भी नहीं जानते हैं, उनकी वनितागण भी श्रीराधातत्त्व नहीं जानतीं हैं, किन्तु श्रीकृष्णविषयक विशुद्ध अनुराग आस्वादनकी इच्छासे ही श्रीराधासङ्ग की वाञ्छा करती हैं, । श्रीराधागोविन्द की लीलाही परमप्रेम रसानन्दमय हैं, महिषीगण,–तत्त्ववित् श्रीउद्धव की भी गोपी -अनुराग दर्शन से आत्मविस्मृति हुईहै, ब्रह्मा एवं नारद का गोपीभाव का अनुभव हुआ है ।

श्रीकृष्ण चैतन्य महाप्रभुनिज प्रेमद्वारा विषयी, मद्यप, अध्यात्मवादि प्रभृतियों का महारसास्वादन,प्रेम धारासे सबके चित्तशोधन एवं पुरुष के मध्यमें भी प्रकृति भाव समर्पण इत्यादि लीलाविनोद करने परभी किन्तु श्रीराधा रहस्य को परम गोप्य रखेथे । श्रीगदाधर पण्डित ही श्रीराधा–सकल वनिता प्रधानभूत) श्रीगौराङ्ग-गदाधरके परस्पर निर्गुण (चिदानन्दमय भाव) देह में मिलन ही प्रगाढ़, सत्य; भक्तगण जीवातु हैं ।

प्रसङ्गतः श्री चैतन्य नित्यानन्द आत्मसङ्गोपन करनेपर देव निग्रह एवं राजनिग्रह होगा । उत्तम वैष्णवगणभी निज निजधामगमन करेंगे । जोसव वैष्णव पृथिवीमें प्रकट रहेंगे वेसव निज निज प्रभाव सङ्गोपन एवं अन्तरमें श्रीकृष्णप्रेम निरोध करेंगे । हरिकीर्त्तन, सत्सङ्ग एवं ईश्वर सेवा क्रमशः मन्दीभूत होंगे ।

प्राकृत जगत् में कर्म सापेक्ष सकामी एवं साधुजगत्में कृष्ण सापेक्ष (कृष्णभक्ति परायण) जनहो महान्हैं । पक्वएवं अपक्व योगि का भेद-पक्वयोगि का कदाचित् पदस्खलन होने परभी श्रीकृष्ण एवं भक्तकी कृपासे निष्कृति होती है, अपक्वयोगी दिन दिन भक्ति ह्रास होकर विषयरसलिप्सु होता है, प्राकृत रसमें आसक्त होता है, वाहर वेषभूषाद्वारा भूषित होने परभी सत्सङ्ग हीन श्रीकृष्णप्रीति विहीन व्यक्तिगणकी अभिज्ञ व्यक्तिगण निन्दाकरेंगे, इसप्रकार भक्तभेद की परीक्षा अत्यावश्यकहैं, उपसंहारमेंसर्वत्र प्रेममय व्यवहार कर प्रेमास्त्र द्वारा असुखीको सुखी वनाने का उपदेश एवं प्रार्थना आपने कियाहै ।

वैष्णव प्रीतिरास्तां मे प्रीतिरास्तां प्रमोर्गुणे ।
सेवायां प्रीतिरास्तां मे प्रीतिरार्त्तिश्च कीर्त्तने ॥
आश्रिते प्रीतिरास्तांमे प्रीतिश्च भजनोन्मुखे ।
आत्मनि प्रीतिरास्तां मे कृष्णेभक्तिर्यथाभवेत् ॥

एतद्व्यतीत ग्रन्थकार द्वारा रचित-(१) भक्तिचन्द्रिका पटल (२) श्रीचैतन्यसहस्र नाम, (३) श्रीशचीनन्दनाष्टक, (४) श्रीराधाष्टक प्रभृति ग्रन्थ सुप्रसिद्धहैं । १४०१से १५१४ शकाब्दा आपका अवस्थान समय है।

हरिदासशास्त्री

❋ श्रीश्रीगदाधरगौराङ्गौ विजयेताम् ❋

❋ श्रीश्रीराधाकृष्णाभ्यां नमः ❋

——❋——

श्रीश्रीनरहरि-सरकार-ठक्कुरविरचितम्

श्रीश्रीकृष्णभजनामृतम्

१ । वन्दे श्रीकृष्णचैतन्यं प्राण सर्वस्वमीश्वरम् ।
सर्वावतार कारुण्यनिःसीमकरुणं प्रभुम् ॥

२ । शुकदेवं नमस्यामि भक्तिशाखि महाफलम् ।
विहरन्तं कृष्णप्रेम रससिन्धौ जड़ं मुनिम् ॥

३ । कृष्णचैतन्यचन्द्रेण नित्यानन्देन संहृते ।
अवतारे कलावस्मिन् वैष्णवाः सर्व एव हि ॥

४ । भविष्यन्ति सदोद्विग्नाः काले काले दिने दिने ।
प्रायः सन्दिग्धहृदया उत्तमेतर मध्यमाः ॥

प्रणिपत्य पदद्वन्द्वं श्री गौराङ्ग महाप्रभोः ।
कथयिष्यामि निर्दोषं श्रीकृष्ण भजनामृतम् ।

निखिल श्रीभगवत् अवतारों के कारुण्य से भी निःसीम करुण प्राण सर्वस्व ईश्वर प्रभुश्रीकृष्ण चैतन्य चन्द्र की मैं वन्दना करता हूँ ।१

श्री शुकदेव को मैं प्रणाम करता हूँ जो भक्तिरूप कल्प वृक्ष के महामूल स्वरूप हैं एवं श्रीकृष्णप्रेमरससिन्धु में विहरणविभोर मुनि हैं ।२

श्रीकृष्ण चैतन्य चन्द्र एवं श्री नित्यानन्द चन्द्र अप्रकट होने पर कलियुग में सकल वैष्णवगण प्रतिदिन सदा उद्विग्न होते रहेंगे और उत्तम महत्तम कनिष्ठ अधिकारी के विषय में प्राय सन्दिग्ध हृदय होकर रहेंगे ॥ ३-४

५। पूर्वपक्षसहस्राणि करिष्यन्ति जने जने।
तेषां प्रभो र्ध्यानबलात् सिद्धान्तानतिनिर्मलान् ॥
६। प्रवक्ष्यामि समासेन व्यासेन च महात्मनाम्।
प्रोत्यै परम हंसानां सर्वशास्त्र विचारितान् ॥
७। दासो नरहरिर्मूर्खः सिद्धान्तानतिदुष्करान्।
कथं कुर्य्यादिति मृषा वितर्कं माकृथा बुधः ॥
८। निर्गुणः सगुणो वापि मूर्खः पण्डित एव वा।
कृष्णभक्तिविचारेऽस्मिन् कः समर्थोऽस्ति भूतले ॥
९। अकस्मान्निद्रितः स्वप्ने कथयामि कथामिमाम्।
पूर्वपक्षांश्च सिद्धान्तां स्तत्रैव विमृशाम्यहम् ॥
१०। हृदि प्रसन्नता जाता सुधासिन्धु मिवाश्रितः।
समयेऽस्मिन् गौरचन्द्रः प्रादुरासीत् स्मितानन: ॥

प्रतिव्यक्ति उक्त विषयों में पूर्वपक्ष जिज्ञासाभी करते रहेंगे उन सब की जिज्ञासा के उत्तर में मैं श्री प्रभुकी कृपासे परम हंस महात्मा गण की सन्तुष्टि के लिए अतिनिर्मल समस्त शास्त्रों का विचार सिद्धान्त को कहूँगा ॥५–६

नरहरि दास अति अनिपुण हैं सिद्धान्त भी अतिदुष्कर है वह कैसे इसको लिखेगा वुधगण ऐसा व्यर्थवितर्क नकरें ॥७॥

निर्गुण सगुण मूर्ख और पण्डित श्रीकृष्णभक्ति विचार में इस भूतल में कौन समर्थ हैं ॥८॥

एकदिनस्वप्न में इस विषयमें पूर्वपक्ष और सिद्धान्त पक्षोंका मैं विचार कर रहाथा उस समय हृदय में वड़ी प्रसन्नता हुई ॥९॥

उस समय स्मितानन श्रीगौर चन्द्र आर्विभूत हुए ॥१०॥

११। सार्वभौम करालम्बी साधु साध्विति सम्मुखे।
एवमेव यद् ब्रवीषि जागृहीति ब्रुवन् ययौ॥
१२। तत उत्थाय शय्याया ध्यात्वा तच्चरणाम्बुजम्।
आत्मानं दुर्गतं शोच्यं त्यक्त-तच्चरणाम्बुजम्॥
१३। मेने धन्य निवात्मानं प्रभोः सकरुणंवचः।
स्मृत्वा च महदैश्वर्य्यं न जाने किमभूत्तदा॥
१४। तेनैव कारुण्यबलेन चित्ते बभूव कर्त्तुं रचनंसुबुद्धिः।
१५ये ये महान्तः किलहंसभूता,जगत्पवित्रीकरणार्थमागताः।
ते ते तदुच्छिष्ट निषेविणो मे कर्त्तुं विशुद्धं रचनं प्रवीणाः॥
प्रथमं भागवता स्तान् पूर्वपक्षात् समाकर्णयन्तु सुधियो निर्मत्सराः। श्रीकृष्ण नाम बलात् कलौ सर्व एव वैष्णवाः

श्री वासुदेव सार्वभौम के हात को पकड़कर सम्मुख में खड़े हुये ओर जो कुछ विचार कररहे हो वह साधु साधु है ऐसा कहते कहते चले गये॥ ११॥

अनन्तर मैं उठकर उन के पादपद्म का ध्यान करने लगा विछुड़ जाने के कारण मन में बड़ा निर्वेद हुआ॥ १२॥

श्री प्रभु की सकरुण वाणी का स्मरण करअपने को धन्य माना उस समय कैसा महत् ऐश्वर्य्य का आविर्भाव हुआ उसको मैं कह नहीं सकता

उस कारुण्य के बल से रचना करने में चित्त में सुबुद्धि हुई विचार कर कोमल गद्य से मूर्ख होकर भी भजनामृत का निर्म्माण किया

जो जो महान् पुरुषगण हंस स्वरूप प्राप्त होकर जगत् पवित्र करने के लिए विश्व में आयेथे उन उन प्रवीण व्यक्तियों के उच्छिष्ट निषेवण सेही मेरी रचना विशुद्धा हुई॥ १५॥

समाः कृष्णोपमा इतिस्मृतिः प्रसिद्धैव । अत्रन्यूनातिरिक्तता क्वापि क्वापिदृश्यते ? किमेतत् ? अन्यच्च,—वैष्णवानां मध्ये तु दीक्षागुरवः सन्ति, तथा शिक्षा गुरवश्च सन्ति, अत्र कथं व्यवहर्त्तव्यम् ? अन्यच्च,—श्री कृष्णः स्वयं भगवानेव, तत्र बलभद्रस्तदंशस्तदर्ध विग्रहो वा स एव वा किंज्ञातव्यः? तथाजो भवश्च विष्णुश्च तद् गुण प्रभवास्त एव किं ज्ञातव्यः ? इतर एव वा ? तथालक्ष्मी स्तद्देहस्थिता तत्तुल्यैव वैष्णवी चेश्वरी, अङ्ग तुल्यानां वैष्णवानां कथमाचरणीया ? तथाद्याशक्तिः का ? प्रधान प्रकृतिरेव साकि मिव ज्ञातव्या ? रुक्मिणी कृष्णवनिता जानकी च लक्ष्मी

विमत्सर बुद्धिमान् भागवतगण प्रथम विचार्य्य विषयों के पूर्व पक्ष समूह को श्रवण करें श्री कृष्णनाम के बल से कलि युग में सकल वेष्णव ही समान एवं श्रीकृष्ण सदृश हैं यह कथा स्मृति शास्त्र प्रसिद्ध है ? इसविषय में न्यून अतिरिक्तता छोटा वड़ा किसी स्थान पर देखते हैं इसका अभिप्राय क्या है और भी वैष्णवों के मध्य में दीक्षागुरुगण हैं ? शिक्षा गुरुगणभी है। यहाँपर व्यवहारकैसा करनाउचित होगा ? और भी श्रीकृष्ण स्वयं भगवान ही है ? बलदेव उनका अंश अथवा अर्द्ध विग्रह है, ये सबकैसे जानेंगे ? उस प्रकार ब्रह्मा शिव विष्णु गुण से उत्पन्न हुये हैं, यह भी कैसे मानेंगे ? अथवा अन्य प्रकार ही हैं ? वहभी कैसे जानेंगे। उस प्रकार लक्ष्मी श्री नारायण देहस्थिता, उन की तुल्या वैष्णवी ईश्वरी हैं, अङ्गतुल्यवैष्णवोंके लिए कैसा आचरण विहित होगा ? उसप्रकार आद्या शक्ति कौन है ? प्रधान प्रकृति हो है, वह कैसे जानेंगे ? रुक्मिणी कृष्ण वनिता है, जानकी भी लक्ष्मी रूपाहैं, उनसबके प्रति आचरण कैसाकरना चाहियेउसप्रकार श्रीमती

रूपा कथं व्यवहर्त्तव्या ? तथा श्रीमती राधा वृन्दावन विलासिनी वृन्दावन भूषणैवसकल विनोद कलावती एतासां मध्ये वीजभूता ? कस्यां कृष्णस्य सौभाग्यं महत् ? अत्र विचारः कोऽस्ति ?

इदानीं पूर्वपक्षाणां प्रथमतः क्रमेण सिद्धान्तानाकर्णयन्तु । —वैष्णवाः सर्वे समा इति सत्यम् ! किन्तु ये बलाबलं न जानन्ति, विषयिणः स्वल्पबुद्धयः केवलं भिक्षुकादपि क्रूर वेशादपि विभ्यति, ते कथं तेजसो बलाबलं स्वल्पाग्नि–महाग्नि-विशेष-भावं ज्ञास्यन्ति ? ते सम–व्यवहारमेव करिष्यन्ति, विशेषविचारवोधाज्ञत्वात् किं मरिष्यन्ति ? तेषां समतैव पथ्यम् ।

राधा वृन्दावन विलासिनी वृन्दावन भूषणा, सकल विनोद कलावती हैं, इन सवों के मध्यमें मूलबीज स्वरूपा कौन है ? किस में कृष्ण चन्द्र का महत सौभाग्य स्थापित है ? उक्त विषयों का विचार क्या है ?

सम्प्रति पूर्वपक्ष समूह के क्रमपूर्वक सिद्धान्तसकल का श्रवण प्रथम करें। वैष्णवगण सवही समान हैं, यह कथन यथार्थ हैं, किन्तु जो लोक बलाबल उत्कृष्ट अपकृष्ट, वड़ा छोटा, नही जानते हैं जैसे धनी वर्ग, साधारण जन, अपढ़जन, अल्पवुद्धि वाले अज्ञ जन, जो लोक केवल भिख मांगने का वेष को देखकरही डरते हैं, वावाजी सन्यासी विरक्त वेषधारी व्यक्तिसे भी डरते हैं, क्रूर वेशसेभी जैसे रक्तबस्त्र, कृष्णवस्त्र, जटा प्रभृति सौम्य वेशसे पृथक होकर कुछ भयङ्कर दिखाई देता है, डरते हैं वे लोक हृदय से कमजोर होते हैं, वे लोक कैसे तेज का बलाबल,–जैसे स्वल्प अग्नि--महा अग्नि इस प्रकारविशेष भावको

येतु वैष्णवा व्यवहार-परमार्थिनः श्रवणाद् दर्शनाज् ज्ञानाद्विशेष बुद्धयः स्वल्पबल-बहुबलं विचारण धीराः केषां देहे कृष्णस्य कियत्तेजः स्वल्पं बलं वहुबलं वा सर्वं जानन्ति ते बिशेष बुद्धयाव्यवहारं करिष्यन्ति। बलाबलं ज्ञात्वा यदि न कुर्वन्ति, तर्हि दोष भागिनो भवन्ति। तस्मात् स्वल्पबले बहुबले उपसन्ने आदौ महतां पूजां कुर्वन्ति, पश्चात् साधारण बलानाम् ।

एवं परोक्षेऽपि यथा बलवताम् नतथा स्वल्प बलानाम्।

कैसे जान सकेंगे ? वे लोक समव्यवहार ही करते हैं, विशेष विचार कर वस्तु समझने की उन सव में वुद्धि ही नहीं हैं, वे लोक क्या मरेंगे ? उन लोकों के लिए तो समता ही पथ्य है,

जोसव वैष्णव व्यवहारिक अथवा पारमार्थिक पथके पथिक हैं, वेसव शास्त्रोक्त साधुलक्षण श्रवण से तदनुरूप व्यक्तिमें लक्षण दर्शन से ज्ञानवान् होकर उक्त विषय में विशेष अभिज्ञता प्राप्त किया हैं, स्वल्प बल वहु बल विचार में भी प्रवीण हैं, किस के देहमें श्रीकृष्ण का प्रभाव तेज कितना है ? स्वल्पबल अथवा बहुवल सव कुछ जानते हैं, वे सव विशेष वुद्धिसे पृथक् पृथक व्यवहार करते हैं, बलावल को जान कर भी तदनुरूप आचरण नहीं करेंगे तो वे दोष भागी वनेंगे। अतएव स्वल्पवल एवं वहुवल का आगमन होनेपर प्रथम महत् की पूजा वे करते हैं पश्चात् साधारण बलशाली व्यक्तिकी पूजा करते हैं।

प्रत्यक्षमें जैसे महत्का सम्मान प्रथम करने के लिए कहा गया है, वैसे ही परोक्षमें भी श्रेष्ठव्यक्ति की पूजा प्रथम कर पश्चात् कनिष्ठ की पूजा करते हैं ।

जिस प्रकार वड़वाग्नि प्रज्वलित होनेपर प्रथम कोईभी व्यक्ति

नहि यथा वाड़वाग्नौ ज्वलति प्रदीपाग्निं ज्ञानवन्त आदौ निर्वापयन्ति, वाड़वाग्नौ निर्वापिते प्रदीपाग्निं सुखेन निर्वापयन्ति। यदि वा महाबलानां महातेजसां पूजा सन्तर्पणं दृष्ट्वा स्वल्पतेजसः क्रुध्यन्तितर्हि निर्बुद्धयो महतां तेजसैव भग्न तेजसोभविष्यन्ति, कथंपूजा कारिणो निग्रहं करिष्यन्ति! एतत् सर्वं व्यवसायिनो दीर्घ श्रुतयो वैष्णवा व्यवहार परमार्थिनश्च ये जानन्ति तेज्ञात्वा त्वकरणे नश्यन्ति बलाबलविचारे जीवन्ति सुमेरोराश्रितानां किमन्ये करिष्यन्ति, पूजाश्च साधु सम्मानं सेवनञ्च करिष्यन्त्येव ।

१६। न निन्दा वैष्णवे कार्य्या नावहेला प्रमादतः।
न दुःखं मरणं वापि स्यादयदि वैष्णव कारणात् ।

प्रदीपाग्निको बुझाता नहीं हैं, वड़वाग्नि शान्त हो जानके बाद सुख पूर्वक प्रदीप को बुझाता है। महाबल सम्पन्न महातेज सम्पन्न व्यक्ति की पूजा सन्तर्पण को देखकर स्वल्प बलवाले क्रुद्ध होंगे तो निर्बुद्धि व्यक्ति महत्के प्रभाव से ही नष्ट हो जायेंगे। पूजाकारी व्यक्ति को उनसबको निग्रह करने के लिए प्रयत्न कैसा करना पड़ेगा? ये सब व्यवहार उनलोकों के लिए करना आवश्यकहै, जो परिनिष्ठित हैं, एवं बहु श्रुत, व्यवहार परमार्थकी अभिलाषी वैष्णव हैं। अन्यथा वे सब नाश प्राप्त हो जायेंगे। जो व्यक्ति सुमेरु पर्वतमें चढ़ चूका है अपर व्यक्ति उसका क्या कर सकता है? महत् की अग्र पूजा सम्मान सेवा वे सब करेंगे ही।

प्रमाद से भी कभी वैष्णव की निन्दा एवं अवहेला नकरे, वैष्णव के लिए यदि दुःख एवं मरणभी हो जाय तथापि उक्त आचरण नकरे।

१७। न दोषा वैष्णवे दृश्याः कर्माचारः विलोकनात्।
कर्माचार बिशुद्धा वा के सन्ति कलिमर्दिताः॥

यतो वैष्णवाङ्गे कृष्णाग्निर्वर्त्तते, श्रीकृष्ण ध्यान बलात् पातकानि पतितुं नसमर्थानि, पतितान्यपि कृष्णाग्नौ दग्धानीति। अजानतान्तु सकल गङ्गायामेकैवौर्म्मिरिति सवला वल वैष्णवे समतैव पूजेत्युपसंहारः॥

सकल वैष्णवा एव गुरवः। तत्रदीक्षा गुरवः शिक्षा-गुरवश्च विशेषतः सन्ति तयोरेव कार्यम्। यदि तावल्पवलौ तथाप्यन्य महतांमुखाच्छिक्षा विशेषं ज्ञात्वापि गुरवे देयम्, तदेव गुरुषु पठनीयम् नतु गुरो हेलाकर्त्तव्या,यथास्नेहभाजन पुत्रोऽर्थोपार्ज्जनं पित्रे दत्त्वा प्रार्थ्य च स्वयं भुङ्क्ते।

कर्माचारकोदेखकर वैष्णव में दोष दर्शन करणा उचित नहीं हैं, कलिकाल ग्रस्त व्यक्तियों में कौन व्यक्ति होगा ? जो कर्माचार से विशुद्ध हैं।

कारण वैष्णव के अङ्ग में कृष्ण तेज अग्नि है, श्रीकृष्ण ध्यान के बलसे पातक समूह आनेमें समर्थ नहीं है, यदि आभी जाते हैं तो कृष्ण अग्निसे ज्वल जायेंगे। अज्ञान के लिए गङ्गाका उर्म्मितरङ्ग, सव एक हीहैं, इस प्रकार बलाबल विचार में समता'से पूजा करना कर्त्तव्य है इस प्रकार प्रकरण का उपसंहार हुआ।

सकल वैष्णव ही गुरु है, उनमें दीक्षा गुरु एवं शिक्षा गुरु की विशेषता है, इन दोनों के महत्त्व को जानकर बलाबल विचार कर ही आदर पूजादि का आचरण करना कर्त्तव्य है, आज्ञा पालन किन्तु शिक्षा गुरु एवं शिक्षा गुरु की ही करना एकान्त आवश्यक है।

यदि स्वयमानीय खादति,ततः कुपुत्रः पापी स्यात् । तस्मात् सर्वत्र वैष्णवानां गुरोःसमाधिकारापूजा कार्य्या ।तथापिकाय मनोवाक्यै र्गुरोरेव सेवनं कुर्य्यात् । कार्यकाले परंगुरोरव हेलायां गुरुरेव गुरुस्तत् पक्षएव ग्राह्यः ॥

पश्य, पश्य, यथा पिता गुरुस्तथा तस्य भ्राताग्रजोऽनुजः, पितु रधिक पूज्यो वा पितुश्चेदात्मीय एव वा, तथापि पितुः पितागुरुरपि गुरुः, तस्य पूजा द्विगुणितेति शैली लोक प्रसिद्धा, अत्र यदि पितरं कार्य्यकाले एते वृथैव गर्हयन्ति, तर्हि पितैव गुरुः, पितुःपक्ष एव आश्रयणीय स्तद्वलेनैव जीवा

यदि दीक्षा गुरु एवं शिक्षा गुरु स्वल्पबलसम्पन्न हो तो, अपर महा् के मुखसे शिक्षा ग्रहणकर गुरुको प्रदान कर, अनन्तर वह शिक्षा गुरु सेही ग्रहण करेगुरु के प्रति कदापि अवहेला न करे।

जैसे स्नेह भाजन पुत्र अर्थापार्ज्जन करके पिता को देता है एवं उनसे मांगकर व्यवहार निष्पन्न करता है, स्वयं लाकर स्वयं ही भोग करता है तो कुपुत्र पापी होताहै, अतएव सर्वत्र गुरुएवं वैष्णवों के प्रति समबुद्धि से पूजादि करना कर्त्तव्य है' तथापि कायमनो वाक्य द्वारा गुरु की ही सेवा करना एकान्त कर्त्तव्य है किसी समय अन्य के द्वारा गुरुकी अवहेला होने पर गुरु का पक्षही ग्रहण करना उचित है।

देखो देखो जिस प्रकार पिता गुरु हैं, उनके भाई बड़े-छोटे हैं, पिता के अधिक पूज्य पिता के यदि आत्मीय हो तो तथापि पिता के पिता द्विगुण गुरु होते हैं यह लोक में प्रसिद्ध है। यहांपर विशेष वात है कि-किसीसमय इनमें से कोईभी व्यक्ति किसी समय पिता को व्यर्थ ही कष्ट देता है तो उससमय पिता ही गुरु होंगे, पिता का पक्ष ग्रहण करना ही उचित होगा, उनको अवलम्वन कर ही जीवित रहना

लम्बनं कार्य्यम्। पिता गुरु र्वा पति र्वा निर्गुणोऽपि पूज्य एव। एतेषां बलान्महद्भि र्ज्ञानिभि र्वा सह विवदितव्यम् के नाम जनाः पितुः कलङ्के जीवन्ति? बलाबलं खलुजीवनम् सर्वे तदनुमतमेव गुरुमुखाद् वा स्वबुद्धया वा व्यवहरन्ती तिक्रमः, आत्मानं तद्दास्ये तद्दा गणयन्ति। एष एव परोधर्मः।

किन्तु यदि गुरुरसनञ्जसं करोति, तर्हि युक्ति सिद्धैः सिद्धान्तै स्तस्य रहसि दण्डः करणीयः नतु त्याज्यः। गुरु र्दण्डच्च हति चेन्न, तत्रापि।

१८। गुरोरप्यवलिप्तस्य कार्य्याकार्य्यमजानतः उत्पथ-प्रतिपन्नस्य परित्यागो बिधीयते' इति (न्याय्योदण्डोविधीयते इति पाठान्तरम्)

उचित है, पिता, गुरु, पति, निर्गुण होने परभी गुरु ही हैं, उक्त व्यक्तियों की सहायतासे बलवान्–ज्ञानी के साथ विवाद करना उचित है। कौन ऐसा पुत्र होगा जो पिता के कलङ्कसे जीवित रहता है? बलाबल विचार ही जीवन है। सबलोक बलाबलके द्वारा गुरुमुख से सुनकर,अपनीबुद्धिसे व्यवहार करते हैं यह ही क्रम हैं। अपनेको तब ही श्रीगुरुदेवके दास्यमें नियोग करेगा, यह ही परम धर्म है।

किन्तु गुरु यदि कुछ असमञ्जस कार्य करे तो युक्तियुक्त सिद्धान्त द्वारा एकान्त में गुरु को दण्ड प्रदान करना एकान्त कर्त्तव्य है, त्याग न करे। गुरु को भी दण्ड देना? क्या कहते हैं, ऐसा कहा नही जा सकता है, गुरु के लिए भी दण्ड दान का विधान है, जो गुरु विषयासक्त हैं, अधिकारोचित कर्त्तव्य अकर्त्तव्य को नहीं जानता है, और

अनेन सर्वं सुशोभनमिति। स्वभावत एव वैष्णवानां कृष्णाश्रय एव मूलम्। तद्गुणगान-यशोवर्णन-विलास विनोद-प्रख्यापनमेवजीवनम्। सर्वे तदर्थमेव गुरुमुखाद् वाशृण्वन्ति स्व बुद्धयावा व्यवहरन्तीति क्रमः। तत्र गुरु र्यदि विसदृशकारी, ईश्वरेभ्रान्तः, कृष्ण-यशोविमुखस्तद्विलास विनोदं नाङ्गीकरोति स्वयं वा दुरभिमानी, लोक स्वस्तवैः कृष्णमनुकरोति, तर्हि त्याज्य एव। कथमेव गुरु स्त्याज्य इति चेन्न, कृष्णभावलोभात् कृष्णप्राप्तये गुरोराश्रयणं कृतम् तदनन्तरं यरि तस्मिन् गुरौ आसुरभावस्तर्हि कि कर्त्तव्यम् ? असुरगुरुं त्यक्त्वा श्रीकृष्णभक्तिमन्तं गुरुमन्यं

उत्पथगामी है तो दण्ड देना भी उचित है, और परित्याग करना भी कर्त्तव्य है।। १८ ।।

वैष्णवों के लिए श्रीकृष्ण की शरण ग्रहण करना मूल धर्म है, उन के गुणगान यश वर्णन बिलास विनोद वर्णन ही जीवनहै, सबलोक उनकेलिए गुरुकरण करते हैं, ओर गुरुमुखसे सुनते हैं, अपनी बुद्धि से उसके वाद अनुशीलन करते है, इस में गुरु यदि इसके विपरीत हो ईश्वर विषय में भ्रान्त है,कृष्ण यशो विमुख हैं,उनके बिलास विनोद स्वीकार नहीं करता है, स्वयं दुरभिमानी है लोक प्रसिद्धि लोंकसे स्तुति ग्रहण द्वारा अपने को कृष्ण बनाताहै तो सर्वथा ही त्यागकरदेना उचित होगा। गुरुत्याग क्यैसे हो सकते हैं, ऐसा मत कहो? कृष्णभावप्राति के लोभ से गुरुपदाश्रय किया तत् पश्चात् गुरु में यदि आसुरिक भाव ही हो जाय तो करना ही क्या है, असुर गुरु को छोड़कर श्रीकृष्ण भक्ति मान अपर गुरु को वरण कर उनका भजन करे इस प्रकार कृष्णभक्त गुरु के बल से असुर गुरु के बल को नष्ट कर देना उचित है, यह ही

भजेत् ॥ अस्य कृष्णवलादसुरस्य गुरोर्वलं मर्दनीयमिति वैष्णव–भजन विचारः । एवं तु दृष्टा वहवः श्रीकृष्णचैतन्या वतारे इति गुरुनिरूपणसिद्धान्ताः ॥

अथ श्रीकृष्णो भगवानेव सकलशक्तिगुणत्रयं सर्व वैभवं विलासविनोदं सकलभावकलाचातुरी माधुर्य्यादि यदन्यद् वा गुणविशेषं सर्वाण्युदरे निजदेहे निधाय निजप्रभु त्वेन सकलान् वैकुण्ठाद्यवतारानेकत्री कृत्य सुखं पुरातन वदास्तेसकलसुखविलासविनोदभावमयविशुद्धविग्रहोऽप्येतैर्ना नागुणैश्चतुर्दशलोक पर्वत तरुलता संसारजालै र्वेष्टितो यन्त्रित इव प्रकाशं न लभेत । तत्र कदाचिद्यदि तस्येच्छा प्रभवति, सएव काल इति श्रुयते । स तदैव सृष्टिमारभते तर्हि सर्वशक्तिमयी शक्तिराद्या प्रादुर्भावं प्राप्य तदन्तिके तिष्ठति ।

वैष्णव भजन बिचार है, श्री कृष्णचैतन्य के अवतार मैं ऐसा जाज्वल्य मानदृष्टान्त अनेक है, इति गुरु निरूपण सिद्धान्त ॥

श्रीकृष्ण ही भगवान् हैं: सकल शक्तिगुणाश्रय सर्व वैभव विलास विनोद सकल भाव कला चातुरी माधुर्य्यादि इससे अन्य जो गुण विशेष है, समस्त को निज उदरमेंनिजदेहमें स्थापनकर स्वयं प्रभुस्वरूपमेंसकल वैकुण्ठादि अवतारों को एकत्रकर पूर्ववत् सुख पूर्वक बिराजते हैं ।

सकल सुख बिलास विनोद भावमय विशुद्ध बिग्रह होनेपर भी नाना गुणोंसे चतुर्दश लोक पर्वत तरुलता संसार जालेसे वेष्टित यन्त्रित की भाँति प्रकाशको प्राप्त नहीं होते हैं कदाचित् यदि उनकी इच्छा होती हैं, तो उसको काल शब्दसे कहते हैं, वह उसीसमय सृष्टिका आरम्भ करदेता है, तव सर्वशक्ति मयी आद्याशक्ति आविर्भूत होकर उनके

तत ईश्वरेच्छायाःसा गुणत्रयं विभाव्यविष्णु-विरिञ्चि-शिवान् सृजति, अन्यच्च प्रकाशान्तरं सृष्टेःपुराणान्तरमतम् । ईश्वरेच्छाया आद्याशक्तिः प्रभवति । ततश्च द्वयोरन्योन्यावेलोकनेन मन इति पुमानाविर्भवति । ततो मनसस्त्रयो जायन्ते । इत्येतेनाजादयो भगवतः पौत्राः अन्यत्र पुत्रा इति ।

एवं प्रकारेण महामहेश्वर ईश्वरत्रयं निर्माय सकल वैभवं स्थाने स्थाने समर्प्य केवलो निर्गुणः क्रीड़ा विलास विनोदमयं विग्रहं चन्दन वृक्ष इव सर्पजालैः, सर्प इव सकलैरेतैर्व्यापारैर्विमोचकैर्विनिर्मुक्तो लोकनिस्तारकारकं

निकट में रहती है,अनन्तर ईश्वरेच्छा से आद्याशक्ति त्रिगुण कोप्रकाश कर विष्णु विरिञ्चि शिव को सृजन करती है,इस विषय में जो प्रकारान्तर हैं,वह पुराणान्तर का मत हैं,ईश्वर की इच्छासे ही आद्याशक्ति सम्पन्न हो कर रहती है, पश्चात् दोंनों के परस्पर अवलोकन से मन" अर्थात् पुरुषका आविर्भाव होता है,पश्चात् मनस से तीनों की उत्पत्ति होती है,इस प्रक्रियासे अजादि भगवान् के पौत्र हैं ,अन्य प्रकारसे पुत्र हैं

इश प्रकार महामहेश्वर ईश्वर त्रय को निर्म्माणकर सकल वैभव स्थान स्थान पर बँट कर स्वयं केवल निर्गुण क्रीड़ा विलास विनोदमय विग्रह को सर्पजालसे आवृत चन्दन वृक्ष कीभाँति, सकल व्यापारसे मुक्त सबकेसमान लोक निस्तार कारक–सुखमय–लीला–विलास स्वप्रभावशील को भक्त वात्सत्यके द्वारा प्रकटकर स्वयं विराजितहोतें हैं सर्वत्रही विष्णु विरिञ्चि भव प्रभृतिको सूर्य, चन्द्र-मुनि–मनु मन्वन्तराधिपति आदि पुरुष प्रकृति को अपने वशमें रखकर प्रधान पुरुष स्वरूप लीलाविनोदी देवादिदेव स्वयं भगवान् सर्व प्रकार से जययुक्त होते हैं ।

सुखमयं लीलाविलास स्वप्रभावशीलं वहन् भक्तवात्सल्येन स्वयं प्रभवति। सर्वत्र एव विष्णु-विरिञ्चिभवप्रभृतीन् सूर्य-चन्द्रमुनि-मनु—मन्वन्तराधिपादिपुरुषाननुकर वशान् कृत्वा एक एव प्रधानपुरुषः स्वयं भगवान् जयति लीला विलासविनोदकारी देवादिदेवः। स एक सत्यं सर्वान् स्व सुखे वहति। अतो ये ये पुरुषस्तएव सर्वेऽनुकरणाः सकलाः, प्रधानं कृष्ण एव। तस्माद् विष्णुरूपादय ईश्वरगुणैरुद्भूता ईश्वरा एव सर्वत एव वैभवादि संसार चक्रं निरूपयन्ति, पालयन्ति, संहरन्ति।

श्रीकृष्णचन्द्रस्तु उदासीनः, स्त्रीसम्पटः, स्वेच्छा विहार इतरैर्गुणै र्जगदलङ्करोति। तथापीङ्गितानुवर्त्तिनस्तस्माच्छी कृष्ण एव निर्गुणः प्रभुरनिर्वचनीयैरन्यैः किमिव महनीयै र्गुणैरेतै रजादिभिरप्यविदितैर्गुणवान् लीलातनुः समुज्जृम्भते।

वह एक ही सत्य स्वरूप हैं ओर एकवही सबको सुख पूर्वक निजनिज अधिकारमें स्थापन करते हैं। अतएव जोजो पुरुष है वे सबही उनके अंशकला हैं; प्रधान कृष्ण ही हैं। इसलिए विष्णुप्रभृति रूप ईश्वर गुणोंसे उद्भूत होकर ईश्वर होकर सर्वतोभावेन वैभवादि संसारको उत्पन्न करते हैं पालन करते हैं तथा संहार भी करते हैं।

किन्तु श्रीकृष्ण उदासीन, स्त्रीलम्पट, स्वेच्छा विहार पटु है, जनकल्याणकर गुणोंसे जगत् को अलङ्कृत करते रहते हैं। ऐसा होने परभी अधिकारी ईश्वर वर्ग उनके इङ्गितसे ही चलतेहैं, अतएव श्री कृष्ण ही निर्गुण प्रभु हैं, अनिर्वचनीय ब्रह्मादि अविदित महनीय गुणों से परिपूर्ण गुणवान् श्रीकृष्णलीलातनु की प्रकट करते हैं।

बलदेवस्तु तदंशएव, तद्देह भागोऽपि सर्वशक्तिमानपी ईश्वरः स्वयं प्रभुरपि कदाचिदनुजो लक्ष्मणः कदाचिदग्रजो बलराम इति कृष्णस्यैवानन्तगुणभागं वर्णयितुं भक्तभाव मेव भजते। अन्यथा गुणत्रयैरविदितानन्त गुणान् के नाम वर्णयन्तु ? अतः स्वयमेव स्वदेहभागेनात्मनो गुणान्वर्णयति। तथापि देहात् पृथक्त्वेन स्थित इति भक्तवात्सल्ये नावतरति। तर्हि बलदेव लक्ष्मणयोरपि श्रीकृष्ण पत्न्यो जानकी रुक्मिणी राधाद्या मातर ईश्वर्य्यः। तथा श्रीभागवते (१।३।२०) "एते चांशकलाः पुंसः कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" इति,

एवञ्चेद्यासां श्रीराधादीनां बलरामादयोऽप्यनुग्रह-

बलदेव श्रीकृष्णजीका ही अंश हैं, अभिन्नदेह, सर्वशक्तिमान् ईश्वर स्वयं प्रभु होकर भी कदाचित् अनुज लक्ष्मण, कभी बलराम होते हैं, इस प्रकार श्रीकृष्णके अनन्त गुणगण की वर्णना करनेके लिए भक्तभावमें निरन्तर स्थित होतेहैं। अन्यथा गुणत्रयसे अविदित अनन्त गुणोंका वर्णन कौन करेगा ? अतएव स्वयं भिन्नदेह धारण कर अपना गुण वर्णन करते है। तथापि देहसे पृथक रूपमें अवस्थित होकर भक्त वात्सल्य से अवतार गहण करतेहैं। इससे बलदेव लक्षण, ईश्वर हैं श्री कृष्ण पत्नीगण, जानकी, रुक्मिणी श्रीराधाप्रभृति मातृवर्गभी ईश्वर हैं। श्रीभागवत का प्रमाण इस प्रकार हैं। येसब आदि पुरुषके अंश कलाहै ओर श्रीकृष्ण किन्तु स्वयं भगवान् हैं।

ऐसा होनेपर जिस श्रीराधाप्रभृतिके अनुग्रहकी बाञ्छाभी बल राम प्रभृति कीभी होती है, उनके अङ्गसङ्गि वैष्णवगण अनुग्रह को

वाञ्छकास्तामङ्गसङ्गिनो वैष्णवा अनुग्रहं वाञ्छन्ति। यासामेवम्भुतास्तासामन्येऽङ्ग सङ्गिनोऽपि वैष्णवाःके ?किन्तु यदि परमकारुण्यं प्रभोः प्रकाशते, तर्हि लक्ष्मीरिति का नाम ? किंतया ? तथाच श्रीभागवते (४।२०।२८)

१६। जगज्जनन्यां जगदीश वैशसं,
स्यादेवयत् कर्मणि नः समीहितम्।
करोषि फल्गवप्युरु दीन वत्सलः,
स्व एव धिष्ण्येऽभिरतस्य किं तया। इति।

तथापिलक्ष्यां वैष्णवदासकिङ्करा: प्रेमभिक्षुका व्यव हरिष्यन्तीति निश्चितार्थः। यस्मिन् काले स्वयमनन्तो वासु देवरूप वंभवप्रकाशयतितस्मिन् काले लक्ष्मीर्विभवमयी,नतु

चाहते हैं, जिनके सम्बन्ध में ही ऐसी बातहै, अपर वैष्णवकी तो बात ही क्या है ? किन्तु श्रीप्रभुका परम कारुण्य प्रकाशित होता है, तब तो लक्ष्मीका महत्व ही कहाँ उनसे प्रयोजन ही क्याहै। श्रीमद्भागवत (४।२०।२८) में इसका प्रसङ्ग है

कर्मकरने से स्पर्द्धा असूयाकेद्वारा इन्द्र प्रभृति अधिकारी के साथ विरोध होता हीहै, किन्तु भक्तिमें भी क्या कलहकी सम्भावनाहै, लक्षीके साथ सेवालेकर विरोध उपस्थित होगा। कलह हीं तथापि भजन करना हो है, जगज्जननीके साथ कलह अवश्य होगा, किन्तु अभिलषितकर्म करनेपर इन्द्रकेसाथ विरोध हुआ और श्रीप्रभुमेराही पक्षग्रहण किएथे, उस प्रकार लक्षीकेसाथ विरोध होने पर श्रीप्रभुमेरा पक्षपात अवश्य करेंगे आप दीनवत्सल हैं, दयावान् हैं, स्वल्पको भी अनेक मानते हैं। ब्रह्मादि प्रार्थितलक्षी को छोड़कर दीनका पक्षग्रहण

लक्ष्मीत्वेन प्रकाशते, अवतारे पृथक्त्वेनलक्ष्मी र्भूत्वा तदनु रूपं वैभवं प्रकाशयति यदात्वनन्त गुणविभागं करोति देहाद् पृथक्त्वञ्च न दर्शयति, अनन्तगुणमिश्रितःस्वयमनन्त वासुदेव रूप-वैभवं प्रकाशयति, तर्हि वैभवमयी लक्ष्मीः पत्नी नत्व वतारे पृथक्त्वे वैभवंप्रकाशयति,वैभवप्रकाशे वा ऽवतारे भाव कलादयःसमुदयन्ति । तद् यथा,अवतारे तावन्नग्नत्वम् धूलि खेलनम्, प्राकृतजनमैत्री निराकरणत्वमित्यादय एव दृश्यन्ते एवं लक्ष्मीः सम्पत्तिरूपा, गृहिणी गृहसंश्रया वैष्णवी च सर्वे षामप्युपादेया । इयन्तु सम्पत्ति कथाभिन्नैव ।

प्रभुक्यों करेंगे ? स्वरूप में अवस्थित श्रीप्रभुकी लक्ष्मी की अपेक्षा नहीं है। तथापि लक्ष्मीके साथ वैष्णवदास किङ्करगण प्रेमभिक्षुकगण व्यवहार करते ही हैं। जिस समय स्वयमनन्त वासुदेवरूप वैभवको प्रकट करते हैं, उस समय, लक्ष्मीभी वैभवमयी होती है, उससमय लक्ष्मी रूपमें अपने को प्रकाश नही करती हैं, अवतारमें पृथक् रूपसे लक्ष्मी होकर तदनुरूप वैभव को प्रकाश करती हैं,

जिस समय अनन्त, गुणविभाग नहीं करते हैं, देह से तव पृथक् रूपमें लक्ष्मी को प्रकट नहीं करते हैं।। अनन्तर गुण मिश्रितः स्वयं-मनन्त वासुदेव रूप वैभवको प्रकाश करते हैं, तव विभवमयी लक्ष्मी पत्नी रूपमें रहती हैं अवतार में पृथक रूपसे वैभव को प्रकाश नही करती हैं।

वैभव प्रकाशमें अथवा अवतारमें भावएवं कलारूपादिकाउदय होता है। उसका उदाहरण, अवतार में नग्नता, शिशुवेश, धूलि खेलन, प्राकृतजनमैत्री शत्रुता प्रभृति व्यवहार होतेहैं, इसप्रकार लक्ष्मी सम्पति रूपा, गृहिणी, गृहाश्रिता, वैष्णवीप्रभृति सवके सुखदायकरूप

तथाचाद्याशक्ति-रुक्मिणी-जानकी-राधाविवरणन्तु शृण्वन्तु। यथा श्रीकृष्णः स्वदेहात् सकलाः शक्तिरैश्वर्य्यं गुणांश्च पृथक् कृत्वा विनोदविलास-विग्रहेण व्यवहारं कुरुते, तथा आद्याशक्तिरप्येका प्रकृतिवैभवाद्यवतादि-सर्ववनितां प्रकाश्य स्वयं विलासमयी उदासीना निर्गुणा भावकलावैदग्ध्यादि-पाण्डित्याद्यनिर्वचनीयप्रधानगुणमयीराधारूपाविर्भवति आद्याशक्तिरियं तु राधारूपाविरभूत् पूर्वम् आत्मानमेव विलासमयीं कृष्णञ्च विलासमयमेवम्भूतं जानाति स्वयं परम वैष्णवी भक्तिबलादेव जानाति। कृष्णएवात्मानं सर्वांश्चान्यानपिजानातीति सएवैकोऽद्वितीय ईश्वर इति निश्चयः परम रहस्य सारइति।

में प्रकट होती हैं। इसप्रकार सम्पत्ति की कथा पृथक है।

इदानीं आद्याशक्ति-रुक्मिणी-जानकी-राधाआदि का विवरण श्रवण करो, जिस प्रकार श्रीकृष्ण निज देह से सकल शक्ति, ऐश्वर्य्य गुण सकल को पृथक करके विनोद विलास विग्रह से व्यवहार करतेहैं, उस प्रकार एक आद्याशक्तिसेभी प्रकृतिवैभवादि अवतारादि की सर्व वनिता को प्रकट करस्वयं विलासमयी उदासीना निर्गुणा भावकला वैदग्ध्यादि पाण्डित्यादि अनिर्वचनीय प्रधान गुणमयी राधारूप स्वरूप का आविर्भाव होता हे, यह आद्या शक्ति सबसे पहले राधारूप में आविर्भूत होती है, अपने को विलासमयी रूपसे जानती है, और कृष्ण को विलासमय रूपसे जानती है, स्वयं परम वैष्णवी भक्ति के बलसे ही जानती हैं, कृष्ण ही अपने को एवं अन्य सब को जानते हैं, श्रीकृष्ण ही एक अद्वितीय ईश्वरहै, यह निश्चय परम रहस्य सारहैं,।

२० । पुरुषेषु यथाकृष्णः स्त्रीषुराधातथैवहि ।
अन्यास्तदनुयायिन्यो यथा पुंसोऽनुयायिनः ॥

यथागौरिशक्तिरूपा राधाक्यवसम्भूतामहेशस्यापि कदाचिदुपदेष्ट्री श्रीकृष्णस्याग्रे कदाचिद्वरंबब्रे राधाकृष्ण विहारमहं द्रष्टुमीहे । ततश्च कृष्णाद् वरं लब्धा वृद्धारूपेण गोकुले जन्मलब्धा तत् दृष्टवती ।

अतः सापि सम्पत्तिरूपा देहात् पृथक्भूतेति राधा विलासावतारान् नो वेत्ति । किमन्यद्वा मत्वापि, आदिरपि पुमान् नो वेत्ति । एतेन राधाकृष्ण रहस्यं मनसो ऽप्यगोचर मिति तात्पर्य्यार्थः । अतएव, नाजादयोऽपिस्वतएवजानन्ति, एतद्भागवतेविदितम् ॥

पुरुषों में जैसा कृष्ण अद्वितीय एक हैं, सकल स्त्रीयों में श्री उस प्रकार श्रीराधा एक अद्वितीया है, समस्त पुरुष जेसे श्री कृष्ण के अनुयायी हैं, वैसे समस्त प्रकृति श्रीराधिका के अनुयायी हैं; जिस प्रकार गौरीरूपा शक्ति श्रीराधा के अवयवसे उत्पन्न हुई हैं, कभी कभी महेश को उपदेश देनेबाली भी होती हैं, उसने श्रीकृष्ण के आगे वर प्रार्थना की राधाकृष्ण के विहार मैं देख सकूँ ? अनन्तर श्री कृष्णसे वर प्राप्त कर गोकुल में बृद्धा रूप में जन्म लेकर सब कुछ देखने में समर्थ हुई ।

वह गौरी देहसे पृथक् उत्पन्न हो कर सम्पत्ति रूपा हेतु राधा कृष्ण विलास अवतार सकल को नहींजानती हैं, कुछ अन्य प्रकार मानकर भी नहीं जानती हैं, आदि पुरुष महाविष्णु भी नहीं जानते हैं । इससे ज्ञात होता है, कि राधाकृष्ण रहस्य मन के अगोचर ही हैं, यह ही तात् पर्य्यार्थ हैं, अतएव ब्रह्मादि लोकपालगण भी स्वत ही कृष्ण

लक्ष्मीश्च वैकुण्ठविभवमयी राधासाम्यं न लभते, इति श्रीमद्भागवते बहुश्लोकाः यथा (भा११।४७।६०)

२१ । नायं श्रियोऽङ्ग उ नितान्तरतेःप्रसादः,
स्वर्योषितांनलिनगन्धरुचांकुतोऽन्याः ।
रासोत्सवेऽस्यभुजदण्ड-गृहोत-कण्ठ-
लब्धाशिषां य उदगाद्व्रजसुन्दरीणाम् । इत्याद्याः ।।

२२ । गुणमय्यःस्त्रियःसर्वाः पुमांसश्चगुणोद्भवाः ।
राधातु निर्गुणा कृष्णो निर्गुण समता कथम् ? ।।

२३ । राधाचनिर्गुणमयी कृष्णोऽपिनिर्गुणःस्मृतः ।।

लोला को नही जान पाते हैं, यह रहस्यश्रीभागवत में वर्णित हैं उससे ज्ञात होता है,

लक्ष्मी वैकुण्ठ विभवमयी शक्तिहैं, श्री राधा की समानता को प्राप्त कर नहीं सकती हैं, इस विषय में श्रीभद्भागवत में उनेक श्लोक हैं, (७ ० १० ४७ ६० गोपियों के प्रति श्रीभगवान् का प्रसाद अत्यन्त अपूर्व हैं, वक्षस्थल में रहकर भी लछमी एकान्त रतिमति होकर भी उस प्रकार प्रसाद काअधिकारी न हुई उनके प्रति अनुग्रह है ही नहीं, जिन सव देवलोक की नारियों के अङ्ग में पद्मगन्ध हैं,ये भी उक्त प्रसाद की आशा ही नही कर सकती हैं, अपर स्त्री की वात तो दूँर रह गई , उक्त प्रसाद कैसाहैं, रासोत्सवमें कृष्ण भुजदण्ड द्वारा आलिङ्गित कण्ठ हो कर गोपियों नें जिस प्रसाद को प्राप्त कियाथा ।

समस्त स्त्री गुणमयी हैं और पुरुष सवभी गुणोंसे समुत्पन्न है, राधा किन्तु निर्गुण हैं, और कृष्ण भी निर्गुण हैं, अतएव इनदोनीं के साथ समता कैसे हो सकती है। राधा निर्गुण मयी है, कृष्णभी निर्गुण हैं यह शास्त्र संवाद हैं।

नकथंसाम्यंभविष्यति ? किन्तु वैकुण्ठ विभवे लक्ष्मीः सर्वाधिकारिणी सर्वदेवशिरोरत्नभूता वैकुण्ठनाथस्य परम प्रेयसी, वैकुण्ठनाथोऽपि तस्यां लम्पटः ॥

एवं यथा ब्रह्मणी ब्रह्मणःभवस्यच भवानीति । अवतारेतु लक्ष्मीरूपा जानकी रुक्मिणी च राज राजेश्वर वैभवानु मानेनेश्वरस्य परमप्रेयसी,तस्यांतस्यामीश्वरोऽपि लम्पटः ।

तस्माद् विलासविनोदावतारेऽपि सर्वनिरपेक्ष भावेच्छा यदाभवति,तदैव राधासङ्गं कुरुत इति। अतएव द्वादश-त्रयो दशवर्षाभ्यन्तर एव वृन्दावनेऽपि मातापितृसङ्गं च त्यक्त्वा उदासीनः परमहंसः सर्वैरेवसङ्गैर्निगूढो निगूढ़वनैरपि निगूढो रमते । तत्रैव यदिकदाचिदेवान्यकार्य्यं पतति,तर्हि व्यवहार

कैसे समता नहीं होगी,? किन्तु वैकुण्ठ विभवमें लक्ष्मी सर्वाधि कारिणी सर्वदेवशिरोरत्न भूता वैकुण्ठ नाथ की परम प्रेयसी रूपा है, वैकुण्ठ नाथ भी उनमें लम्पट हैं ।

अतएव विलास विनोद अवतार में भी सर्वनिरपेक्ष भावकी इच्छा जब होती है, उस समय श्रीराधा सङ्ग करते हैं । अतएव द्वादश त्रयोदय वर्ष के मध्यमें ही वृन्दावन में भी मातापिता के सङ्ग कोछोड़ कर उदासीन परमहंस समस्त सङ्गसे निगूढ़ निगूढ़ वन में भी निगूढ़ लीला करते हैं। वहाँपर यदि कदाचित् अन्य कार्य भी आ पड़ता है तो व्यवहार के अनुरूप ऐश्वर्य–शौर्य्य–चातुरी का प्रबन्ध चतुर शिरो मणि करते हैं ।

अतएव विचार करो अपने चित्तमें राधाकृष्ण विवरण किस प्रकार अनिर्वचनीय वस्तु है, परम प्रेममय–सकल–रस–सम्पूर्ण परमा

सम्मतानैश्वर्य्य-शौर्य्य-चातुरीप्रबन्धांश्चतुर शिरोमणिः कुरुते।

तस्माद् विचार्यताम् स्वचेतसि राधाकृष्णविवरणं किमिवानिर्वचनीयं वस्तु, परम प्रेममयं सकल रस सम्पूर्णं परमानन्द स्वरूपमुत्तम भागवतानां जीवनम् नातः परः श्रेयः प्रकाशः कदाचिदपि लभ्यते, अनेक जन्म भाग्योदयैरेव कदाचिच्छ्रवणभाग्यैः श्रुयते ॥

राधा सौभाग्याधिक्यं किं वा वर्ण्यते ? पश्य पश्य ! रुक्मिण्यादि-सकल महिषी-सकल सौभाग्यविदपि राधाभावं गोपीभावञ्च विलोक्य श्रीमदुद्धवोयथामूत् तत् सर्वं श्रीमत् भागवते वेद्यम् । सकल महिषी-भावं विस्मृतवान्, दासाना-

---

नन्द स्वरूप है; वह ही उत्तम भागवत परमहंसों का जीवन है । इससे आगे मङ्गल प्रियता कल्याण का प्रकाश कहीं पर भी नहीं मिलता है, अनेक जन्म की सुकृति के फलसे यदि सौभाग्य का उदय होता है, तभी श्रीराधाकृष्ण विवरण सुनने का भाग्य होता है ।

श्रीराधिका के सोभाग्याधिक्य की बात क्या कहें ? देखो, सकल सौभाग्य के ज्ञाता होकर भी रुक्मिण्यादि सकलमहिषी राधा भाव को गोपीगण को देखकर आश्चर्य्य ही गई थीं, श्रीउद्धव की भी अवस्था राधा भाव– गोपीभाव को देखकर जैसी हुई थी, उसका विवरण श्री भागवत से ही जानना कर्त्तव्य है । सकल महिषीभावको भूलही गयाथा, दास सकलकी एवं सखा गण की तो अकिञ्चनताका दर्शन किए थे । श्रीउद्धव जी का कथन है कि–शरीर धारियों में गोपी गण ही सफल जन्मा है, कारण ये सब के रूपभाव श्रीकृष्ण में हैं । जिस रूढ़ भावको भवभय भीत मुमुक्षुगण,एवं मुक्तगण एवं हम भक्त भी चाहते ही हैं, अतएव अनन्तकी कथा में राग हो ऐसा ब्रह्म जन्म,

स्वात्मवद् भक्तानामकिञ्चनतां दृष्टवान्, (भा०१०।४७।५८)

२०। एताः परं तनुभृतो भुविगोपवध्वो
गोविन्दएव निखिलात्मनि रूढ़ भावाः।
वाञ्छन्तियद् भवभियो मुनयोवयञ्च
किं ब्रह्मजन्मभिरनन्त कथारसस्य। इत्यादि।

स्वयं ब्रह्मणापि गोकुलगोपिकानां सम्बन्धे यथोक्तम्, तदपिविदितम्। तथाच श्रीनारदः कदाचिद् द्वारकामागत्य राधारहस्यंपृष्टवान्। तद्विस्मयंप्रभुः कथयंस्तमेव भावं स्मारं स्मारं प्रेमविमोहितः सादरं नारदं गोकुलं प्रेषयामास श्री नारदस्तु राधाभावं विलोक्य तत्रच कृष्णभावं विलोक्या त्मानं विस्मृतवान् श्रीराधांकृष्णञ्च संदृश्य राधाकृष्ण प्रशं-

---

शुक्र सावित्र्य याज्ञिक रूप तीन से लाभ ही क्या है? यह रूढ़ भाव जहाँजहाँ आविर्भूत होता है वेसवही सर्वोत्तम है। अथवा चतुर्मुख ब्रह्मा जन्म सेभी क्या प्रयोजन है, ? गोपीजन्म ही श्रेष्ठ है।

स्वयं ब्रह्मा जीनेभी जोकुछ कहा है गोकुल गोपीगणके सन्दर्भ में वह तो सुस्पष्टहै। तथाच श्रीनारद कदाचिद् द्वारकामेंआकर राधा रहस्य पुछेथे। तव स्वयं प्रभु कहते कहते भाव को भी स्मरण करते करते प्रेम विभोर होकर सादर नारद को गोकुल भेजदियेथे। श्रीनारद ने वहाँ जाकर श्रीराधा भाव को देखा द्वारकामें भी श्रीकृष्ण भावको देखाथा इन दोनों को विचार कर अपने आपको ही भूलगया। श्री राधा श्रीकृष्ण को देखकर राधाकृष्ण की प्रशंसा के द्वारा अपने को प्रेम विह्वल पाकर कृतार्य माना। रुक्मिण्यादि के भाव को इस प्रकार सेविचार उन्होंने नहीं किया। इसी भावका एक पौराणिक श्लोक भी

सयात्मानञ्च प्रेमविह्वलः कृतार्थं मेने। रुक्मिण्यादि-महिषी णाञ्च भावोनतथेति विचारितवान्। तथाच श्लोकः कोऽपिपौराणिकः (श्रीपद्यावली ३७१)

२५। रत्नच्छायाच्छुरितजलधौमन्दिरेद्वारकायाः,
रुक्मिण्यापि प्रवल पुलकोद्भेद मालिङ्गितस्य ॥
विश्वंपायान्मसृणयमुनातीर-वानीरकुञ्जे,
आभीरस्त्रीनिभृतचरितध्यानमूर्च्छामुरारेः ॥

अन्यच्च यत्रयत्र विलासविनोदं लाम्पट्यं वा कृष्णः करोति, तत्रतत्रैव राधाध्यानमेव जाग्रद्रूपम् तेनैव निर्वृतः। अन्यत्र कार्य्यानुरोधे कपटमैत्री। ऐतेन ज्ञातव्यः श्रीकृष्णस्य

है। रत्न कान्ति प्रतिविस्मित द्वारका स्थित रत्न मन्दिरे रुक्मिणी द्वारानिविड़ आलिङ्गितएवंप्रवल पुलकायित देहमें कृष्णचन्द्रअवस्थान कररहेथे, उस समय जलधि को देखकर एकान्त यमुनातीरवेतसकुञ्ज आभीर स्त्रियों की निभृत सेवा का ध्यान में मन निमग्न हो जानेपर रुक्मिणीके देह में आलिङ्गित अवस्था में ध्यान मूर्च्छा को प्राप्त किए थे। वह मुरारी की ध्यानमूर्च्छा विश्व की रक्षा करें।

अन्य कथा और भी है,-जहाँ जहाँ श्रीकृष्ण विलास विनोद अथवा लाम्पट्य कामुकता करते हैं, वहाँ वहाँ भी श्रीराधा ध्यान जागरुक होकर ही रहता है, उससे ही श्रीकृष्ण परिपूर्ण आनन्दलाभ करते हैं। अन्यत्र कार्यानुरोध से कपट मैत्री करते हैं। इससे अवश्य जानना होगा कि श्रीकृष्णका अवतार श्रीवृन्दावन में रासलीलाकर परिपूर्णता कीप्राप्ति के लिएही हैं। यह बात तो सुस्पष्ट ही हैं।

राधा यह नाम किस विधिने निर्म्माण किया है, सर्वेश्वर श्री कृष्ण स्वयं दास के समान वशीभूत हैं।

वृन्दावन रासावधि प्रकाश एवावतार इति व्यक्तार्थः ।

२६ । राधेतिकिमिदंनामविधिनाकेननिर्मितम्,
सर्वेश्वरोहियःकृष्णोयस्याःकिङ्करदासवत् ॥

२७ । राधेतिमोहनंनामनजानेकुतआगतम्
षड़ैश्वर्यमयंकृष्णंशृङ्गारैःक्रीतवद्धनैः ॥

२८ । हाहानिष्करुणाराधाक्वगतागुणविग्रहा ।
गुणसङ्घचे वहुस्थानेलब्धाभ्रमितवान्प्रभुः ॥

पश्य,पश्य, निगूढ़ातिनिगूढ़ निरूप्यते,-सकलैन्द्रियैः सावधाना महान्तः परममङ्गलंरहस्यं शृण्वन्तु । श्रीकृष्णचैतन्यदेवः प्रकटपरमानन्द-विग्रहोऽपि सर्वावतारसारमूतोऽपि सर्वावतार शक्ति-प्रकाशसमर्थोऽपि सर्वावतार व्यक्तये दास-दासीसङ्ग वानपि राधासङ्गप्रकाशं न कृतवान्अस्य सर्वावतारप्रकाशत्वं

राधा यह मोहन नाम मैं नहीं जानता हूँ कहाँ से आया है, षड़ैश्वर्यमय कृष्ण कोभी शृङ्गार धन से जिसने खरीद लिया है।

स्वयं प्रभु श्रीकृष्ण श्रीराधा विछुड़ जानेपर हा हा निष्करुणा राधा गुण विग्रहा क्वगता इसप्रकार सरोदन पूकार पूकार कर गुणियों के वीचमें वहुस्थान में ढ़ूँढ़ ढ़ूँढ़ कर घुमने लगे थे।

देखो देखो निगूढ़ातिनिगूढ़का वर्णन कररहाहूँ,-सकल इन्द्रिय द्वारा सावधान होकर सुमहान् व्यक्तिगण, परम मङ्गल रहस्य को श्रवण करें। श्रीकृष्ण चैतन्य देव, प्रकट परमानन्द विग्रह होकर भी, सर्वावतार सार स्वरूप होकर भी, सर्वावतार शक्ति प्रकाश समर्थ होकर भी सकल अवतार प्रकट करने के लिए सकलावतार के दास दासीगण मिलित होकर भी राधा सङ्ग का प्रकाश नहीं किए। श्री

सर्वैरेव निश्चितमास्ते । तथापि रहस्यमेकं युक्तमेवश्रूयताम्,—

श्रीकृष्णःसकलविलास-विनोदरूप-कैशोरादिगुणसम्पन्नोऽपि स्त्रीणामेववनचरीणांमोहनंचकार । किमेतत् ? श्रीकृष्ण चैतन्यस्तुकौपीनधारी दीनवेशः सन्न्यासाश्रमालङ्कृतोऽत्यन्त दुर्दान्तं बलवन्तं महावृषभ-दुर्दूरूढ़मध्यात्मवादिनं विषयान्धं कुयोगिनं जड़मजस्रमद्यपंपापं चण्डालं यवनं मूर्खं कुलस्त्रियञ्च प्रेमसिन्धौ पातयामास, आनन्देन वैकुण्ठोपरिस्थापयामास । केवलं प्रेमधारयैव सर्वेषामाशयं शोधितवान्, आसुरभावञ्च चूर्णितवान् । किमन्यद्वा बहुवक्तव्यम् ? पुरुषान्

कृष्ण चैतन्य देव, सर्वावतार प्रकाशक है, इस बात को समस्त जनगण मुनिश्चित रूपसे ही जानते हैं, तथापि रहस्य एक अतियुक्ति युक्त है, उस को श्रवण करो ।

श्रीकृष्ण, सकल विलास-विनोदरूप कैशोरादि सम्पन्न होकर भी वनचरी स्त्रियों को ही मुग्ध किये थे । यह क्यों ?—

किन्तु श्रीकृष्ण चैतन्यदेव, कौपीन धारी, दीनवेश सन्न्यासाश्रमालङ्कृत होकर, अत्यन्त दुर्दान्त, बलवन्त, महावृषभ के समान दुर्दूरूढ़, भीषणवर्द्धित अध्यात्मवादी को, विषयान्ध को, कुयोगिको अगणित जड़ अलसजन को मद्यपको पाप, चाण्डाल, यवनमूर्ख, कुलस्त्रियोंको श्रीकृष्णप्रेम सिन्धुमें निमज्जित कियेथे, एवं आनन्द सम्पत्ति के साथ सर्वोच्च वैकुण्ठमें स्थापन किये थे । केवल प्रेमधारा से ही सब की कर्मवासना की शुद्धि किएथे, आसुरिक भाव को चूरचूर करदिये थे । अधिक और क्या कहना है ? पुरुष होकर भी प्रकृति भाव को प्राप्त किए थे । श्रीकृष्ण चैतन्य भाव कला से विमोहिता होकर श्री-

एव प्रकृतिभावंनिनाय। श्रीकृष्णचैतन्यभावकला-विमोहिताः श्रीगदाधरपण्डित-भावदर्शनसमुदित-गोपीगणभावावेदान्तिनोऽपिविषयिणोऽपि प्रकृतिभावैर्ननृतुः, वैष्णवानां का कथा? तथापिराधेतिनामरूपञ्चव्यक्तंधरणीमण्डले न प्रकाशितवान् श्रीराधा गदाधरपण्डितएव, सकलचरित्रभावञ्च प्रशस्य स्वैविख्यातः। तथापि नाम तस्यापिरूपञ्चनिगूढ़कृतम्भावैस्तु,राधाकृष्णं विना कमन्यंनवोधयामास। राधाकृष्ण-भावमयंजगदेवकृतम्, तदेवसम्प्रकाशितवान् राधानाम्नःश्रवणात् स्मरणाद् विलपितवान्, रुदितवान्, प्रमुदितवान्, नर्तितवान्, तथापि संगोपितवानेव।

श्रीगदाधरपण्डितस्तु, यथा श्रीकृष्णचैतन्यः सर्वावतार प्रकाशभूमिस्तथा सकल वैभवमय श्रीसमूहप्रधानभूतः। यथा

गदाधर पण्डित के भावदर्शनसे गोपीगण के भाव समुदित होने पर वेदान्तिगणभी एवं विषयीगणभी प्रकृति भावसे नृत्य कियेथे। वैष्णवों की वात ही क्याहै? तथापि 'राधा' यह नाम एवं रूपको सुस्पष्ट रूपसे भूमण्डलमें प्रकाशित नहीं किये। श्रीगदाधर पण्डित ही श्रीराधा हैं, सकल-चरित्र एवं भाव को उत्तम रूपसे प्रकट कर स्वयं ख्यात हुये थे। तथापि उनका नाम एवं रूपको अतिशय गुप्तरखेथे। भावद्वारा ही श्रीराधाकृष्ण का कीर्त्तन किए। राधाकृष्ण को छोड़ कर अपर किसी का भी परिज्ञान नहीं कराये, श्रीराधाकृष्ण भावमय ही जगत कोकिए एवं उसकोही प्रकाशित किए। राधानाम सुनने सेही स्मरणसेही विलाप करते थे, ब उल्लसित होतेथे, नृत्य करतेथे। तथापि श्रीराधा नाम को सर्वथा ही गुप्तरखा था।

श्रीकृष्णचैतन्यो निर्गुणस्तथापण्डितोऽपिनिर्गुणः एतयोरेव दैहिकमैत्री । निर्गुण–गुणिनोर्मैत्री छिन्नभिन्ना ततस्तत्रैव पण्डितदेहेराधाभावेनविलासं कुरुते अन्यत्र वैभवपक्षे लक्ष्मीः रुक्मिणी, सीता, कात्यायनीपरम प्रेयसी,सर्वमयस्तुपण्डितएव किञ्च, गुण गुणिनो मैत्री निर्गुणस्यागुणस्यचगाढ़ानुरागाद् भवति । सगुण-निर्गुणयोर्मैत्रीगाढ़ानुबन्धानस्यात् । श्रीकृष्ण स्यैव सर्वशक्तिमत्तयासर्वत्रमैत्रीघटते, तदपिनानामतवैभव चातुर्येणसम्पद्यते,नतुसहजम् । कृष्णस्योदासीनविलासविनो दमय सकलस्वभावस्तेन राधाकृष्णमिलनमेवसत्यम् तथा श्री कृष्णचैतन्य-गदाधरपण्डित-मिलनमिति । भक्तानामिदमेव

श्रीकृष्ण चैतन्य जिस प्रकार सर्वावतारप्रकाशभूमि, ठीक उसी प्रकार सकलवैभवमय श्रीसमूह प्रधानभूत श्रीगदाधरपण्डित गोस्वामी हैं । तथा श्रीकृष्ण चैतन्यदेव निर्गुण तथा श्रीगदाधरपण्डित गोस्वामी भी निर्गुण है, इन दोनों अर्थात् श्रीगौराङ्ग एवं श्रीगदाधर पण्डित गोस्वामी में देहिक मैत्री हैं । निर्गुण और गुणि की मित्रता छिन्न भिन्न होती है । इस लिए पण्डित के देहमें राधाभाव से आविष्ट हुएथे । अन्यत्र वैभव के पक्षमें लक्ष्मी रुक्मिणी सीता कात्यायनी,परम प्रेयसी सर्वमय किन्तु श्रीगदाधर पण्डित गोस्वामी ही है ।

और भी गुणि गुणि की मैत्री निर्गुण एवं अगुण की भी मैत्री गाढ़ानुरागसे होती है । सगुण निर्गुण की मैत्री गाढ़ानुरागसे होती है सगुण निर्गुण की मैत्रीमें गाढ़ानुराग की अपेक्षा ही नही है, एवं गाढ़ा नुवन्ध भी नही होता है । सर्व शक्ति मय हीने के कारण श्रीकृष्ण को मैत्री सर्वत्र सम्भव हैं, वह भी नानामत वैभव चातुरीसे होता है । स्वाभाविक मित्रता नहीं होती हैं, कृष्ण का उदासीन भावसे ही सर्वत्र

सत्यंजीवनञ्चेति विषयिणां। पौराणिकानां कुपण्डितानांवहु प्रलापवादिनान्तु भिन्नभिन्नेवमतिरिति, हाहातेषांमहादौ र्भाग्यम् ! हाहातेषांमहाप्रलयः। तस्माज्जगतिभक्ताएवचतुराः भक्ताएवधन्याः भक्ताएवपण्डिताः भक्ताएवगुणिनः, भक्ता एवसुखिनः भक्ताएवनिर्भयाः। त एव सुखंयुगेयुगेजीवन्तु, हत भाग्यं जनं दर्शन स्पर्शनालापैः कृतार्थी कुर्वन्तु।

